14 अफसरों पर होगी नया नोएडा बसाने की जिम्मेदारी

जासं, नोएडाः दादरी नोएडा गाजियाबाद विशेष निवेश क्षेत्र (डीएनजीआइआर) के रूप में बसने वाला 'नया नोएडा' को अब धरातल पर उतरने की दिशा में काम शुरू हो चुका है। प्राधिकरण ने 14 अधिकारियों की तैनाती कर दी है, जो जमीन अधिग्रहण से लेकर अर्जित भूमि पर मानचित्र बनाने, सेक्टर में प्लाट काटने, परियोजनाओं को खसरे के अनुसार सुपर इंपोज करने का काम करेंगे। ताकि समय से 'नया नोएडा' को बसाने की प्रक्रिया को पूरा किया जा सके।

नोएडा प्राधिकरण में नियुक्त अधिकारियों से ही डीएनजीआइआर के गठित सेल में स्टाफ को तैनाती की जाएगी, लेकिन नोएडा प्राधिकरण में ही स्वीकृत पदों पर संपूर्ण तैनाती नहीं है। ऐसे में नया शहर बसाने में दिक्कत आ सकती है। इसलिए प्राधिकरण ने शासन से प्राधिकरण में स्टाफ की कमी को पूरी कराने का पत्र लिख दिया है। वर्तमान में प्राधिकरण के नियोजन विभाग में कुल 43 और भूलेख में 24 पद स्वीकृत हैं, लेकिन नियोजन में सिर्फ पांच पद पर अधिकारी नियुक्त है, 38 पद रिक्त पड़े है। इसी प्रकार से भूलेख विभाग में 17 पद रिक्त है, 9 पर तैनाती है।

नया नोएडा की जमीन का ब्रेकअप

लैंड यूज	हेक्टेयर
रेजिडेंशियल	2810.54
कमर्शियल	849.97
पीएसपी इंस्टीट्यूशनल	1739.93
फैसिलिटी / यूटिलिटी	195.97
इंडस्ट्री	8420
ग्रीन पार्क	1792.26
ग्रीन बेल्ट एंड बफर	1432.73
रिक्रेशनल	530.22
वाटर बॉडी	122.77
ट्रैफिक व ट्रांसपोटेशन	2963.61

इन्हीं तैनात अधिकारियों को शुरूआत में आरक्षित 1000 करोड़ रुपये का बजट खर्च करना है। चूंकि प्राधिकरण 'नया नोएडा' (डीएनजीआइआर) का नोडल है, जमीन अधिग्रहण से लेकर 209 वर्ग किलोमीटर में नया शहर बसाने की जिम्मेदारी प्राधिकरण की है। यहां किसानों से आपसी सहमति से जमीन खरीदी जाएगी।

इसके लिए प्राधिकरण के भू लेख के साथ सलाहकार कंपनी भी मदद करेगी। 'नया नोएडा' के पहले फेज में 3165 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहीत किया जाना है।

नियोजन विभाग में तैनात स्टाफ की स्थिति

पदनाम	स्वीकृत पद	वर्तमान तैनाती	रिक्त पद
महाप्रबंधक	1	1	0
उप महाप्रबंधक	2	0	2
वरिष्ठ प्रबंधक	3	1	2
प्रबंधक	8	0	8
सहायक प्रबंधक	21	2	19
वरिष्ठ मानचित्रक	2	1	1
मानचित्रक	6	0	6
कुल	43	5	38

भूलेख विभाग में तैनात स्टाफ की स्थिति

पदनाम	स्वीकृत पद	कार्यरत	रिक्त
उप जिलाधिकारी	1 प्रतिनियुक्ति	0	1
तहसीलदार	5 प्रतिनियुक्ति	2	3
नायाब तहसीलदार	0	1	0
राजस्व निरीक्षक	0	1	0
सुपरवाइजर कानूनगो	6	0	6
लेखपाल	12	5	7
कुल	24	9	17

(नोट : उत्तर प्रदेश केंद्रीयित सेवा नियमावली 2018 से प्रथक)

स्टाफ की कमी के बाजवूद नया शहर बसाने के लिए अधिकारी व कर्मचारियों की तैनाती कर दी है। शुरूआती दौर में 14 अधिकारी जमीन अधिग्रहण व नियोजन प्रक्रिया को शुरू करेंगे। -डा. लोकेश एम, सीईओ, नोएडा प्राधिकरण।